# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

A+ NAAC


पत्रांक : सम्ब0/520/2025 दिनांक : 24/11/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः—मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत यू०पी०एससी, यू०पी०पी०एससी एवं एस०एस०सी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु छात्र—छात्राओं के प्रतिभाग के लिए प्रचार—प्रसार एवं कार्यशाला आयोजित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या 41/2022/714/26—03—2022—1514/2016 टीसी—II दिनांक 20.04.2022 (संलग्न छायाप्रति) द्वारा प्रदत्त दिशा—निर्देशों के अनुपालन में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत यू०पी०एससी, यू०पी०पी०एससी तथा एस०एस०सी इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क साक्षात एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था जनपद आगरा में संचालित है। उक्त योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली तथा उत्साही अभ्यर्थियों को निःशुल्क मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं तैयारी का अवसर प्रदान करना है।

अतः आपके संस्थान को निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है कि संस्थान में अध्ययनरत प्रतिभाशाली एवं इच्छुक छात्र—छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की जानकारी व्यापक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, योजना से सम्बद्ध जनपद कोर्स—कोऑर्डिनेटर से समन्वय स्थापित कर संस्थान में कार्यशाला/ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिकतम विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकें। योजना से लाभ प्राप्त करने वाले छात्र—छात्राओं का विवरण संकलित कर इसकी सूचना क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

योजना सम्बन्धी समन्वय हेतुः—
श्री सचिन कुमार (जनपद कोर्स—कोऑर्डिनेटर) मोबाइल — 8791140429

भवदीय

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी कुलपति—सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
3. प्रभारी बेवसाइट—सूचना को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
4. अधिकृत ऐजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि सूचना को आज ही समस्त महाविद्यालयों की लोगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

Affisvlett